an>

Title: Regarding appointment on compassionate grounds in BSNL.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : माननीय अध्यक्ष जी, भारत संचार निगम लिमिटेड एवं केन्द्र सरकार के अधीन कुछ अन्य विभागों में विशेÂषकर ग्रुप डी कर्मचारियों के मृतक आश्रित परिवारों की ओर सदन का ध्यान आकर्Âिषत करना चाहता हूं।

मैडम, बीएसएनल एवं केन्द्र सरकार के अधीन अन्य विभागों में जब ग्रुप डी का कोई कर्मचारी खत्म हो जाता है तो उसकी जगह पर मृतक आश्रित को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी नहीं दी जाती है। उसमें कुछ प्वाइंट्स दिए जाते हैं और पांच प्रतिशत कोटे में ही उन लोगों को नौकरी देने का काम होता है। उस परिवार के लोग, जो पहले एक अच्छी जिन्दगी जी रहे होते हैं, जब वह व्यक्ति खत्म हो जाता है, उस समय से उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो जाती है क्योंकि उनको ग्रेच्युटी और फण्ड आंशिक रूप से मिलता है या नहीं मिलता है, केवल पेंशन से ही वे अपना गुजारा करते हैं और अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी उठाते हैं। ऐसे में उनकी स्थिति बहुत दयनीय होती है। जिस विभाग में वह व्यक्ति काम कर रहा होता है, उसमें एक सीट रिक्त हो जाती है, उस सीट पर उसके परिवार के व्यक्ति को नियुक्त करने में कोई प्राब्लम नहीं होनी चाहिए, लेकिन जो नियम बना दिए गए हैं, उनसे उन विभागों में कर्मचारियों की संख्या भी घटती जाती है।

इसके अलावा बेरोजगार लोगों की एक फौज भी धीरे-धीरे खड़ी होती जाती है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि ऐसे लोग जो सरकारी सेवा में हैं और यदि काम करते हुए सरकारी कर्मचारी की डैथ हो जाती है तो उनके परिवार के किसी भी एक सदस्य को नौकरी में रखने का काम किया जाए, यह मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है।

HON. SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel and *m03 Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Kaushal Kishore.